तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर, 2025



14 आठवें वेतन व पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए डीसी...





14 नशे के खिलाफ युवओं को किया जागरूक




## खबर संक्षेप

### क्लब की पदाधिकारियों ने ली शपथ

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल डायनिक क्लब की ओर से रोटेरियन नीरजा खन्ना और उनकी टीम को प्रधान व अन्य पदों की शपथ ग्रहण रोटेरियन भूपेश महता डिस्टिक गवर्नर की ओर से एक समारोह में दिलाई गई। डिस्टिक गवर्नर भूपेश महता इस मौके पर मुख्य अतिथि तथा पूर्व डिस्टिक गवर्नर रो. गुलबहार रिटोली विशिष्ट अतिथि रहे।

### आर्य समाज का 73वां वार्षिकोत्सव आज से

**हिसार।** आर्य समाज, मॉडल टाउन का 73वां वार्षिकोत्सव 24 से 28 सितम्बर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव में आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान, प्रवक्ता एवं भजनोपदेशक आएंगे। आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि पहले दिन प्रातः 9 बजे से 10 बजे हवन, 10.15 बजे ध्वजारोहण, उसके बाद 27 सितम्बर तक रोजाना प्रातः 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व सायं 4:30 बजे से 7 बजे तक भजन व प्रवचन होंगे।

### शिविर में 19 लोगों के किए फ्री नेत्र ऑपरेशन

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित करके 19 बुजुर्गों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए गए। इसी श्रृंखला में 26 सितंबर को सेवार्थ भाव से एक और शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। दिव्यांग केंद्र में यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

### उपज के सुरक्षित भंडारण की जानकारी दी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला व प्रदर्शनी के दौरान केन्द्रीय भंडारण निगम द्वारा किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को उनकी उपज के सुरक्षित भंडारण व बैंकों द्वारा उनको ई रसीद पर दिए जाने वाले लोन के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय भंडार हिसार से पूनम श्योरान, अमित कुमार, ईश्वर, टोहाना से देवेश जांगडा, भिवानी से महेश व आदमपुर से सुधीर उपस्थित रहे।

### बच्चों से कुकर्म के दोषियों को 20-20 साल कैद

**हिसार।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील जिंदल की अदालत ने दो नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म करने के दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों युवकों पर जुर्माना भी लगाया है। इनमें एक युवक दो मामलों में आरोपी है। हांसी महिला थाना ने 19 सितंबर, 2021 को दोनों मामलों में केस दर्ज किए थे। एक मामले में 11 वर्षीय पीड़ित बालक ने बताया कि जून, 2021 में जब वह क्रिकेट खेल रहा था तो दो युवक उसे झाड़ियों में ले गए और कुकर्म किया।

### सात गाड़ियों ने तीन घंटे में पाया काबू

# ज्वेलर्स शोरूम के नीचे कपड़े की दुकान में लगी भयंकर आग

### आग बुझाने के लिए जेसीबी की मदद से शोरूम के आगे बने रैंप को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर की व्यस्ततम राजगुरु मार्केट स्थित बड़े ज्वैलर्स शोरूम के नीचे कपड़े की दुकान में आग लग गई। आग की यह घटना नेहा ज्वैलर्स के नीचे कपड़े की कपड़े के गोदाम में हुई। आग इतनी भयंकर थी कि दमकल की सात गाड़ियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत से काबू पाया। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी है। दुकानदार पारस का आरोप है कि दमकल विभाग को सूचना देने के करीब आधे घंटे बाद गाड़ी आग बुझाने के लिए पहुंची। उधर, दमकल कर्मियों का कहना है कि मार्केट में अव्यवस्था के कारण गाड़ी को पहुंचने में समय लगा है। सूचना मिलने पर मेयर प्रवीण पोपली भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निगम प्रशासन से मांग की कि फेस्टिवल सीजन को देखते मार्केट में भीड़ रहती है। भविष्य में अगर ऐसी घटना हो तो उसे समय रहते काबू पाया जा सके, इसके लिए दमकल विभाग की एक गाड़ी को नियमित रूप से राजगुरु मार्केट में खड़ा किया जाए।



हिसार। मौके पर खड़ी दमकल गाड़ियां व शोरूम से उठता धुआं। फोटोः हरिभूमि



#### शोरूम में ठसा-ठस भरा था सामान

जानकारी के अनुसार राजगुरु मार्केट स्थित नेहा ज्वेलर्स के शोरूम की बेसमेंट में कपड़े की दुकान है। दुकान स्वामी पारस के अनुसार दिवाली को देखते उसने दुकान में पूरा माल भरा हुआ था। मंगलवार सुबह उसमें आग लग गई। शोरूम मालिक ने सुबह जब शटर उठाया तो देखा कि आग के कारण धुआं उठ रहा है। इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है शार्ट सर्किट के कारण बेसमेंट में रखे कपड़े व सामान में आग भड़क गई और देखते ही देखते पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम मालिक के अनुसार आग की घटना से लाखों रुपये का सामान जल गया। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास बने शोरूम से भी धुआं निकलने लगा। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू करने का प्रयास किया मगर एक दमकल की गाड़ी से आग नहीं बुझी।

# नवरात्र पर की भक्तों ने पूजा-अर्चना

- नवरात्रि का त्योहार माता दुर्गा की शक्ति और बुराई पर विजय का प्रतीक : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में नवरात्रों के पावन पर्व पर मंदिर में अखंड ज्योत मंदिर ट्रस्ट के प्रधान व व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग लगाई और भारी संख्या में महिला व पुरुषों ने भी अखंड ज्योत लगाई। मंदिर में दर्शन करने के लिए सुबह से ही भीड़ लगी हुई थी। देर रात तक भजन समारोह का कार्यक्रम चलता रहा। मंदिर ट्रस्ट व व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा कि देवताओं को परेशान करने वाले और धरती पर आतंक फैलाने वाले महिषासुर को पराजित करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने सभी स्वरूपों के साथ नवमी की रात्रि को मां दुर्गा ने महिषासुर का वंध किया।



हिसार। बाबा प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षाण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य भक्त पूजा-पाठ करते हुए। फोटोः हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नारायण दास बंसल, सुरेंद्र सिंगला, ओम प्रकाश असीजा, जगत नारायण, रमेश पटवारी, कृष्ण बगडी, गुलशन महाराजा, ऋषि राज गर्ग, डॉ. के के वर्मा, गोरी शंकर शर्मा, सत्यपाल अग्रवाल, मनोज कुकरेजा, प्रदीप रूपेला, दिनेश सैनी, चन्द्र कान्ता, प्रशांत अग्रवाल, पवन काका, प्रिंसिपल सितेंद्र गोयल, मुख्य अध्यापिका अंगूरी देवी, मुख्य अध्यापिका उषा गर्ग आदि रहे।

### उच्च ब्याज पर कर्ज देकर मारपीट में केस

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने अवैध रूप से ऊंचे ब्याज पर कर्ज देने और मारपीट करके धमकी देने के मामले में माल कॉलोनी निवासी आकाश को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में जांच अधिकारी एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि माल कॉलोनी निवासी लव कुमार ने इस संबंध में शिकायत दी थी। इस वर्ष फरवरी में उसने सेक्टर 15 के लैबर चौक के पास स्थित आकाश फाइनेंस कार्यालय से 30 हजार रुपये रुपये 20 प्रतिशत ब्याज पर उधार लिए थे। आकाश ने तत्काल ही 2500 रुपये काटकर रकम दी।

# ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- देशभर से पुरुष व महिला वर्ग की 28 टीमें टूर्नामेंट में लेंगी भाग

हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप द्वारा बिजली निगम बैडमिंटन हॉल, विद्युत नगर में 24 से 26 सितम्बर तक ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का नेशनल लेवल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में देशभर के बिजली बोर्ड से चयनित पुरुष व महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। बिजली निगम के डायरेक्टर विनीता सिंह व विपिन गुप्ता ने बताया कि पूरे देश से 28 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। इनमें अर्जुन अवार्डी व डेफ ओलिंपिक चैम्पियन रोहित भाकर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच सुरेन्द्र कुमार और विरेन्द्र कुमार, पंजाब के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवदीप सिंह, मोहम्मद सलीम, लखविंदर सिंह व अन्य राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट का शुभारंभ ओलंपियन व अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी विजेंदर सिंह के द्वारा किया जाएगा।

# बाढ़ पीड़ितों की साहयता को बैठक

- जाट सेवक संघ बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाएगा राहत अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जाट सेवक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को जाट धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान राजेश बडाला ने की। बैठक में हाल ही में आई बाढ़ आपदा पर गहन चर्चा हुई। संघ द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए प्रधान बडाला ने कहा कि संघ बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे और एक संगठित अभियान के तहत राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी।



हिसार। बैठक में उपस्थित जाट सेवक संघ के पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

#### बैठक में ये रहे मौद

इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान बलजीत पुनिया, महासचिव जोगिन्द्र सिंह पातड़, एडवोकेट संजय कुण्डू, कोषाध्यक्ष वेदपाल श्योराण, प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी, संगठन सचिव डॉ. देवेन्द्र मान, पार्षद सत्यवान पानू, स्नेहलता श्योकन्द, प्रमोद मोर, दलबीर पंघाल, कुलबीर दुहन, तारीफ सिंह, राजेश बेरवाल, जयभगवान बड़ाला, देवेन्द्र सिंह, सुभाष फौजी एवं शंकर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नेशनल हाइवे पर तीन वाहन भिड़े, सात घायल

- रिटायर्ड एक्सईएन व एक महिला सहित 7 लोग घायल
- ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित केएफसी के सामने मंगलवार दोपहर बाद तीन वाहनों की भिड़ंत हो गई। सड़क हादसे में एक महिला सहित सात लोग घायल हो गए, आसपास के लोगों व राहगीरों ने सभी घायलों को वाहनों से निकालकर एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के रिटायर्ड एक्सईन व उनकी पत्नी को अन्य की गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ समय लिए जाम लग गया।



हांसी। क्रेन की मदद से सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली को हटवाते पुलिस कर्मी।

**यातायात कुछ देर के लिए बाधित रहाः** हादसे के बाद राजमार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से अलग-अलग अस्पतालों में भिजवाया। तथा पुलिस ने वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

#### ऐसे हुआ हादसा

वहीं स्कॉर्पियो में सवार बवानीखेड़ा के वार्ड नंबर 7 निवासी रोहित, राहुल, बलराज और विशाल भी हादसे में चोटिल हो गए। वहीं ट्राली से टक्कर के बाद स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर सड़क के दूसरी ओर पलट गई। इस बीच हांसी की ओर से आ रही एक आई -10 कार स्कॉर्पियो से जा भिड़ी। आई-10 कार में सवार बिजली विभाग से सेवानिवृत्त एक्सईएन हिसार के सेक्टर 16-17 निवासी महावीर प्रसाद और उनकी पत्नी मधुबाला को भी चोटें आईं, दोनों घायलों का नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है।

# शहीदों का सम्मान करना जरूरी : धर्मवीर

- सेवा पखवाड़ा के तहत अर्बन एस्टेट में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वे जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत अर्बन मंडल में मंडल अध्यक्ष राहुल सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सारस्वत पार्क में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को पुष्पांजलि अर्पित कर सभी अमर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सेवा पखवाड़ा के संयोजक धर्मवीर पानू ने शहीदों को याद करते हुए उनकी वीरता का जिक्र किया और कहा कि हमें सदैव शहीदों का सम्मान करना चाहिए। शहीदों को हमेशा याद रखें और उनकी शिक्षाओं पर अमल करें, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

#### इस अवसर पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव सरोज सिहाग, लोकसभा निगरानी समिति के अध्यक्ष मनदीप मलिक, सेवा पखवाड़ा मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, मंडल महामंत्री देशबंधु कौशिक, डॉ. रमेश आर्य, सुरेश कुमार, महेंद्र सिंह पानू, गजेंद्र सिंह, शीशपाल नैन, राजेश कुमार, जितेंद्र बडक और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर सेनानियों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। लघु सचिवालय परिसर के नजदीक स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर अमर शहीद राव तुला राम के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों और भूतपूर्व सैनिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए और देश की आन-बान-शान के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भूतपूर्व सैनिकों द्वारा सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। शहीद स्मारक पर फूलों और पुष्प चक्र अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



# ड्रग कंट्रोलर टीम ने हांसी का मेडिकल स्टोर किया सील

- ड्रग कंट्रोलर टीम की छापेमारी से मेडिकल संचालकों में खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने हाल ही में नशीली दवाइयों के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपितों को पकड़ा है। जांच के बाद फतेहाबाद यूनिट ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर हांसी में एक मैडिकल स्टोर को सील कर दिया।

#### 1500 ट्रामाडोल गोलियां बरामद

फतेहाबाद यूनिट इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि टीम ने अग्रोहा थाना एरिया में साबरवास गांव के सुशील कुमार को 16 सितंबर को पकड़ा था। टीम ने उसके पास से 1500 ट्रामाडोल गोलियां बरामद की थी। उसके खिलाफ ड्रग कंट्रोल ऑफिसर की तरफ से कार्रवाई की गई थी। पूछताछ में सामने आया था कि वह गांव में झोलाछाप डॉक्टर बनकर नशीली दवाइयों को बेचता था। आरोपी से पूछताछ के बाद दो अन्य आरोपियों को गिर तार किया। भैणी बादशाहपुर निवासी सुमित कुमार को पकड़ा। वह आरोपी सुशील को नशीली दवाइयां सप्लाई करता था। उसके बाद भाटला निवासी विक्रम को गिर तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी विक्रम का भाई हांसी में वीरेंद्र नाम से मैडिकल स्टोर चलाता है। पता चलने पर ड्रग कंट्रोलर की अगुवाई में मेडिकल स्टोर पर छापा मारा और जांच के बाद उसको सील कर दिया। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**कार्रवाई** शेयर मार्केट में 35 लाख की साइबर ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

# हिसार साइबर थाना पुलिस की बड़ी सफलता की अफसरों ने की सराहना

### आरोपी को अदालत में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हिसार साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में मुनाफ़ा दिलाने का झांसा देकर 35 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी मनीष सोलंकी के रूप में हुई है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सौरभ बंसल ने बताया कि पिछले वर्ष 28 अक्टूबर को एनसीसीआरपी पोर्टल के माध्यम से हिसार निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत के अनुसार पांच सितंबर 2024 को शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में ऊंचा मुनाफ़ा कमाने का झांसा देकर संपर्क किया गया और उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर केजवे नामक फर्जी ट्रेडिंग अकाउंट बनाया गया। ग्रुप एडमिन के कहने पर 30 सितंबर से 23 अक्टूबर 2024 तक शिकायतकर्ता ने अलग-अलग तारीखों पर विभिन्न बैंक खातों में कुल 35 लाख रुपये जमा कर दिए। अकाउंट में हर बार फर्जी मुनाफ़ा दिखाया जाता रहा। जब शिकायतकर्ता ने पैसे निकालने की कोशिश की तो पहले प्रॉफिट का 10 प्रतिशत जमा कराने और बाद में टैक्स के नाम पर अतिरिक्त राशि मांगते हुए उसका ट्रेडिंग अकाउंट बंद कर दिया गया। इसी दौरान पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

#### ऐसे हुआ खुलासा

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी मनीष सोलंकी ने पहले से गिरफ्तार आरोपी सुरेंद्र सिंह लोधी का बैंक अकाउंट कमीशन पर तीसरे व्यक्ति को उपलब्ध कराया था, जिसके बदले मनीष को 50 हजार रुपये का कमीशन मिला। आरोपी को अदालत में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि ऑनलाइन निवेश, ट्रेडिंग या ऊंचे मुनाफ़े के लालच में न आएं। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज की जानकारी तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाना को दें।



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म



ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।

हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने



बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।

## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।** भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की



कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।

**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

*मुंबई। शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*




### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

खबर संक्षेप

### आरडीएम स्कूल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**उकलाना।** आरडीएम स्कूल में शहीदी दिवस पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शहीदों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष सभा में संस्था के अध्यक्ष डॉ. केसी शर्मा, प्राचार्या डॉ. शालू एस. कटारिया और सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुई। डॉ. शर्मा ने शहीदों के आदर्शों को अपनाने और देश के प्रति कर्तव्य निभाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ.शालू कटारिया ने कहा कि शहीदी दिवस हमें उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आज़ादी और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

### सड़क हादसे के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पुलिस पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने एक्सीडेंट मामले में उद्घघोषित आरोपी सिसाय कालीरावण निवासी सत्यवान को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ इंचार्ज सब इंस्पेक्टर आशा राम ने बताया कि अदालत ने आरोपी को शहर थाना हांसी में दर्ज एक एक्सीडेंट मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी के मामले में आरोपी किसान कॉलोनी निवासी पवन को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में आजाद नगर की गली नंबर 5 निवासी महिला ने मोबाइल फोन चोरी होने के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि 14 सितंबर को वह अपने दूसरे मकान पर गई थी कि इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर से मोबाइल फोन चुरा कर ले गया।

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को 6150 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हांसी की हनुमान कॉलोनी निवासी रामकुमार के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ हांसी में तैनात मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**बरवाला।** महाराजा अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी बरवाला के तत्वावधान में टोहाना मार्ग पर स्थित विशाल योग आश्रम के प्रांगण में महाराजा अग्रसेन की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई और शाम को महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा निकाली गई। सोसायटी के प्रेस प्रवक्ता सुरेश गोयल ने बताया कि इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र युवा भाजपा नेता संजीव गंगवा और व्यापार मंडल प्रदेशाध्यक्ष बजरंग दास गर्ग तथा प्रमुख समाजसेवी मुकेश मित्तल, विनोद बंसल, सुरेश सिंगला व सज्जन मित्तल ने शिरकत की।

## जिलेभर में रामलीला का आयोजन, 'जय श्री राम' के जयघोषों से गूंजा शहर

# नारद मोह एवं पृथ्वी के सबसे पहले मानव के प्रसंग पर मंचन

### पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में श्री रामलीला कमेटी कटला की रामलीला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में रामलीला का मंचन शुरू हुआ जो 3 अक्टूबर तक चलेगा। रामलीला मंचन के प्रथम दिन डॉ. कमल गुप्ता पूर्व मंत्री मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि शहर के वरिष्ठ डॉ. अजय महाजन व समाजसेवी डॉ पुनीत मैनी अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कृष्ण कला अनुकरण संस्थान श्रीधाम वृंदावन से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भावेश कृष्ण भारद्वाज व उनकी टीम ने प्रथम दिन नारद मोह एवं पृथ्वी के सबसे पहले मानव का प्रसंग पर भव्य मंचन हुआ। नारद मोह प्रसंग रामायण की एक कथा है जिसमें देवर्षि नारद जी तपस्या को कामदेव व समस्त अप्सराओं द्वारा नृत्य कर के भंग करने का प्रयास किया जो कि असफल रहा।


हिसार। रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे कलाकार को तिलक लगाते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ।

#### देवर्षि नारद ने क्रोध पर विजय प्राप्त की

*देवर्षि नारद जी ने काम-क्रोध पर विजय प्राप्त कर ली, उसके उपरांत उन में अहंकार व अभिमान हो गया। जब श्री हरि ने देखा कि देवर्षि नारद जी में अहंकार आ गया है, तो श्री हरि ने देवर्षि नारद जी का अहंकार दूर करने के लिए उन्हें वानर का रूप दे कर उनका अभिमान दूर किया। मंगलवार को रावण तपस्या, पृथ्वी पुकार एवं श्री राम जन्म लीला का मंचन हुआ।*

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रशासक एन. के. गोयल, रामनिवास राड़ा, संजय ऐल, जगदीश तायल, नरेश सिंगल, डॉ नरेंद्र गुप्ता, सुनील गोयल, भारत भूषण, दयानंद सिंगल, शशि लोहिया, अंजनी कुमार खारिया वाले, वीरभान बंसल, सज्जन गुप्ता, सुरेंद्र लाहौरिया, ऋषि राज बुड़ाकिया, राम चन्द्र गुप्ता, अश्विनी गर्ग, नरेश बंसल, विनोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।*

*कलाकारों ने मुख्यातिथि पूर्व सरपंच चंद्रकांता चांदना का किया स्वागत*

### लोहारी राघो रामलीला में नारद लीला मंचन देखकर भाव विभोर हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

गांव लोहारी राघो में श्री रामा रामलीला क्लब की ओर से आयोजित ऐतिहासिक रामलीला के दूसरे दिन नारद लीला का शानदार व सजीव मंचन किया। मुख्यातिथि के रूप में गांव की पूर्व सरपंच चंद्रकांता चांदना पहुंची। क्लब की तरफ से उनका स्वागत किया गया। कलाकारों ने पूर्व सरपंच को गदा भेंट कर सम्मानित किया। मंचन के दौरान कलाकारों ने सबसे पहले भगवान शिव की पूजा अर्चना की। लीला में दिखाया गया कि नारद की घोर तपस्या से इंद्र देवता का सिंहासन हिलने लगता है। इंद्रदेव को भय सताने लगता है कि यदि नारद की तपस्या सफल हो गई तो वे उनका सिंहांसन न छिन लें। इंद्रदेव नारद की तपस्या भंग करने के लिए रम्बा, उर्वषि और कामदेव को भेजते हैं लेकिन वे नारद की तपस्या भंग नहीं कर पाते। नारद को अपनी तपस्या की सफलता से घमंड हो जाता है। वे अपनी तपस्या का बखान करने भगवान शिव और ब्रहमा और के पास जाते हैं। भगवान शिव नारद को यह बात विष्णु भगवान को बताने से रोकते हैं, लेकिन नारद रुकते नहीं और वे भगवान विष्णु के पास पहुंच जाते हैं।


नारनौंद। गांव लोहारी राघों में रामलीला के मंच पर प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

**खास बातें**

- पूर्व सरपंच चंद्रकांता को गदा भेंट की
- डॉ. जिंदर मुंडा ने नारद वहीं हर्ष भ्याणा ने भगवान विष्णु के किरदार की निभाई भूमिका

#### श्रीराम के जयकारो से गूंज उठा पंडाल

प्रमुख कलाकार डॉ. जिंदर मुंडा ने नारद के अभिनय से दर्शकों का मन मोहा वहीं भगवान विष्णु के किरदार में हर्ष भ्याणा नजर आए। मंचन के दौरान पंडाल श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर क्लब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याणा, पंच गुलशन वधवा, गीता भ्याणा, सूरजभान सैनी, रामप्रकाश उर्फ टीटी मलिक, नंबरदार कृष्ण भ्याणा, सुभाष चावला, वेद प्रकाश चांदना, गुलाब सिंह, गोपी, संदीप संभरवाल आदि मौजूद रहे।

#### मां भगवती का सुंदर शब्दों में किया गुणगान

**आदमपुर।** जय दुर्गा मां सेवा मंडल द्वारा स्थानीय क्लॉथ मार्केट में सोमवार रात्रि नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ समाजसेवी प्रवीण में समाजसेवी प्रदीप बेनीवाल घीसाराम जैन एवं अन्य समाज सेवियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने मां भगवती का सुंदर शब्दों में गुणगान करके सबको झूमने नाचने को मजबूर कर दिया। मौके पर मौके पर सतपाल बंबू युधिष्ठिर बंसल राजू लंबू पवन गर्ग मंगत बंसल जुगल रेवाड़ी बजरंग शर्मा अशोक कथरिया मौजूद थे। दूसरी तरफ लक्ष्मी कला मंडल रामलीला का शुभारंभ हिसार के मेयर प्रवीण पोपली व कई समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से अनाज मंडी में सोमवार को ही किया गया। जिसमें श्रवण लीला व रावण ननदी संवाद का शानदार मंचन किया गया। इस मौके पर घीसाराम जैन, राजू नामदेव, निरंजन बंसल, दीन दयाल, श्याम सुंदर शर्मा, रजाक मोहम्मद, राधेश्याम, मुन्ना शरमा, प्रिंस, सुरेश शर्मा आदि मोजूद रहे।

#### राम जन्म पर अयोध्या में बंटी मिठाइयां


हिसार। मुलतानी चौक पार्क में आरती करके रामलीला का शुभारंभ करते समाजसेवी सज्जन अठवाल व पूर्व पार्षद कृष्ण खटाना एडवोकेट।

*हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक द्वारा मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर रामलीला का मंचन शुरु किया गया। सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि लीला का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में आए समाजसेवी सज्जन अठवाल द्वारा रिबन काटकर व भगवान राम की आरती करके किया गया। अध्यक्षता पूर्व पार्षद कृष्ण खटाना एडवोकेट ने की। लीला के शुरु होते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। सभा की ओर से प्रधान सुरेश कक्कड़ व अन्य सदस्यों ने अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मअयोध्या में खुशियां मनाई गई, मंगल गीत गाए गए व मिठाईयां बांटी गई। उपस्थित लोगों ने राम जन्म के दृश्य के दौरान तालियां बजाकर हर्ष जताया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने रामलीला का आनंद लिया। इस अवसर पर रामलीला सभा की ओर से किशनलाल बागड़ी, ओमप्रकाश असीजा, भीमसैन नारंग, महेन्द्र टुटेजा, अशोक मग्गु, राजकुमार बजाज, डॉ. हेमंत आहुजा, ओमप्रकाश मलिक, नंदलाल धमीजा, हरबंस लाल मदान, राकेश महता, महेन्द्र पाल, शुभम वलेचा, रवि आहुजा आदि उपस्थित रहे।*

#### कलाकारों ने शारदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

**हिसार।** श्री बद्री-केदार रामलीला समिति द्वारा सोमवार की रात्रि से विद्युत नगर में रामलीला का मंचन शुरू हो गया है। इस मौके पर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी, जिससे दर्शक भावविभोर हो गए। इस रामलीला में आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। स्वामी देवेन्द्र बृजवासी महाराज, आदर्श महालक्ष्मी रासलीला, रामलीला संस्थान वृन्दावन धाम, मथुरा के कलाकारों द्वारा पहले दिन कलाकारों ने नारद मोह, रावण अत्याचार और पृथ्वी व्यथा का मंचन किया। नारद मोह प्रसंग में देवर्षि नारद के अहंकार की कथा दिखाई गई। भगवान विष्णु ने विश्वमोहिनी के स्वयंवर में नारद को बंदर का रूप देकर उनका अहंकार तोड़ा। दूसरी ओर रावण अपने भाइयों कुंभकरण व विभीषण के साथ घनघोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त कर रावण ने देवलोक और पृथ्वी लोक में धार्मिक अनुष्ठानों में बाधा डालने और हिमालय पर्वत को हिलाने का मंचन दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिजली निगम के वित्त विभाग के डॉयरेक्टर रत्न कुमार वर्मा और अध्यक्षता निगम के मुख्य अभियंता इंजिनियर राजेन्द्र कुमार सभरवाल ने की। इस मौके पर एफआर नकवी, रामलीला समिति के संरक्षक महेंद्र बडोला, प्रधान मुकेश रावत, जगत राम जोकर, उपेंद्र शर्मा, अनिल भट्ट, गजेंद्र गुसाईं, दयाकिशन हरबोला आदि मौजूद रहे।

## ठेका हटाने को लेकर आंदोलन जारी

### महाराजा अग्रसेन मार्केट में धरने का 104वां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका के विरोध में चल रहे धरने का मंगलवार को 104वां दिन था। इतने लंबे आंदोलन के बाद भी शराब ठेका को मार्केट से नहीं हटाने पर व्यापारियों ने सरकार व प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए गुरु बानी का पाठ व सत्संग प्रोग्राम का आयोजन किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए महाराजा अग्रसेन मार्केट के प्रधान डॉ. विनोद राजलीवाला ने कहा कि इस शराब के ठेका के खुलने से 6 दिन पूर्व ही मार्केट एसोसिएशन द्वारा ज्ञापन सरकार व प्रशासन को दे दिए गए थे, परंतु मार्केट के भारी विरोध के बावजूद 12 जून को ये ठेका खोल दिया। इउसी दिन मार्केट एसोसिएशन धरना पर बैठ गई थी। व्यापारियों को धरना जारी है।


हिसार। सरकार व प्रशासन को सद्बुद्धि के लिए गुरु बाणी पाठ में उपस्थित व्यापारी।

#### बार-बार लगाई गुहार, समाधान नहीं

शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर शहर के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से बार-बार गुहार लग चुके है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला।डॉ. राजलीवाला ने कहा कि सरकार व्यापारियों को कमजोर न समझें यदि यह ठेका 21 महीने चला तो व्यापारियों का धरना भी 21 महीने ही चलेगा।

## आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 सितंबर को होगी

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं।


महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय।

#### सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी।

### भाविप ने नवरात्रि पर्व पर किया पौधरोपण

**हांसी।** नवरात्रि के शुभारंभ पर के अवसर पर भारत विकास परिषद हांसी ने लाला हुकुम चंद जैन पार्क में पौधरोपण किया। शाखा अध्यक्ष दयानंद महता ने बताया कि शाखा ने पार्क में ट्री गार्ड सहित एक त्रिवेणी सहित 11 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पौधे पर्यावरण, प्राकृतिक चक्रों को नियंत्रित करता है और पृथ्वी के तापमान को संतुलित रखने में मदद करता है। इस अवसर पर सचिव श्रीचंद आहुजा, जगदीश धमीजा, प्रवीण गर्ग, नरेंद्र वर्मा, संजय सीधर, सतवीर कौशिक, पर्यावरण संयोजक राम अवतार सिंह, प्रेम खुराना व इंद्र राज आदि उपस्थित थे।


हांसी। नवरात्रि पर्व के शुभारंभ पर पौधरोपण करते भाविप सदस्य।

## शिविर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

- मय्यड़ के आयुष अस्पताल में नि:शुल्क शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दसवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में मय्यड़ स्थित आयुष अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धतियों से मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं औषध वितरण दवारा स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। वर्तमान में चल रहे आठवें राष्ट्रीय पोषण माह की थीम 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अनुरूप एनीमिया, मधुमेह, रक्तचाप जैसी बीमारियों की विशेष स्क्रीनिंग की गई। मरीजों को उनकी प्रकृति के अनुसार दिनचर्या, नाड़ी एवं प्रकृति परीक्षा, ऋतुचर्या, खान-पान के बारे मे जागरूक किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. धर्मपाल पूनिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच विकास कुहाड उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर पोषण पखवाड़ा एवं आयुर्वेद दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और जनमानस को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।


हिसार। आयुष अस्पताल में शिविर में उपस्थित स्टाफ सदस्य।

### पुलिस ने किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**हांसी।** पुलिस जिला हांसी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारी अपने-अपने बीट कांस्टेबलों की सहायता से वृक्षारोपण करेंगे। प्रत्येक थाना स्तर पर न्यूनतम 25 पौधों का रोपण कर उनका जियो-टैगिंग किया जाएगा। लगाए गए पौधों की सुरक्षा व वृद्धि की जिम्मेदारी संबंधित बीट कांस्टेबल को अभिभावक के रूप में दी जाएगी, ताकि पौधों का संरक्षण और नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वे इस अभियान को गंभीरता से लेकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें।


हांसी। पौधरोपण करती महिला थाना प्रभारी सरोज व अन्य ।

कार्यक्रम | किसानों को दी खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी

# किसानों को किसी भी मुश्किल घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा : रणधीर

नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत राजगढ़ रोड स्थित संत कबीर छात्रावास में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नलवा विधायक रणधीर पनिहार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने की। मंच संचालन कृषि विकास अधिकारी डॉ. राजीव भाटिया ने किया।


हिसार। जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते विधायक रणधीर पनिहार।

#### जलभराव प्रभावित किसानों को दिया जाएगा मुआवजा

अपने संबोधन में विधायक रणधीर पनिहार ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार किसानों की हर परिस्थिति में साथी है और किसानों को किसी भी मुश्किल घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश से कई जगहों पर खेतों में जलभराव हुआ है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नुकसान का पूरा आकलन किया जाएगा और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। किसी किसान को घबराने की आवश्यकता नहीं है, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक डॉ. राजबीर सिंह, उप मंडल अधिकारी डॉ. अजीत सिंह, विषय विशेषज्ञ डॉ. सोमप्रकाश, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. आरती वर्मा, भूमि परीक्षण अधिकारी सतबीर, सहायक भूमि परीक्षण अधिकारी सत्येंद्र, सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान, सतीश सुरलिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस सख़्त

- बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के 140 चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष यातायात जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि इसी अभियान के तहत पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों, ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों तथा सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ सघन जांच एवं प्रभावी कार्रवाई की है। हिसार पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के 140 चालान किए गए। बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाने पर 21 चालान जारी किए गए। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाले 51 व्यक्तियों के चालान किए गए और ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए पकड़े गए 50 वाहन चालकों के खिलाफ चालान कर सख़्त कार्रवाई की गई।


शशांक कुमार सावन

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**हांसी।** उप पुलिस अधीक्षक रविन्द्र सांगवान एवं ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने मंगलवार को हांसी ट्रक यूनियन का दौरा कर यूनियन के पदाधिकारियों और ट्रक चालकों के साथ बैठक की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ट्रक चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय केवल और केवल यातायात नियमों का पालन है। यदि चालक समय पर गति नियंत्रित रखें, शराब या नशे की हालत में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और वाहन के सभी दस्तावेज पूरे रखें तो दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### आईटीआई राखी में छात्रों को किया जागरूक

**नारनौंद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राखी शाहपुर के प्रांगण में सेवा पखवाड़ा के तहत हरियाणवी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नारनौंद नगर पालिका के चेयरमैन शमशेर कूकन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों ने हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लोक सामूहिक नृत्य, सामूहिक गायन, लोक संगीत, लोक नाटक और सफाई अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने आईटीआई परिसर में सफाई अभियान चलाकर सफाई की गई। और अन्य लोगों को भी सफाई रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रमेश कुमार, पंकज, राजपाल, राकेश, सुमित आदि पर मौजूद थे।



### ध्यान के कारगर सूत्रों से अवगत करवाया

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर की शुरूआत धूमधाम से की गई। विज्ञान भैरव तंत्र व शिव सूत्र पर आधारित इस शिविर में साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। 28 सितंबर तक चलने वाले शिविर में हर रोज विभिन्न सत्रों के माध्यम से विज्ञान भैरव तंत्र में उल्लेखित ध्यान की विभिन्न विधियों से रूबरू करवाया जाएगा और साधकों को ध्यान का अभ्यास करने का भी अवसर मिलेगा। शिव शक्ति ध्यान शिविर के प्रथम दिवस स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने विज्ञान भैरव तंत्र का महत्व समझाते हुए ध्यान को दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को आदि गुरु कहा जाता है। अध्यात्म की विधिवत शिक्षा देने वाले, संभवतः वे प्रथम बुद्ध पुरुष हैं। उनके दो अनूठे ग्रंथ हैं, विज्ञान भैरव तंत्र तथा शिव सूत्र। पहले में 112 एवं दूसरे में 48 सूत्र हैं। प्रथम ग्रंथ पर अंग्रेजी में 80 और द्वितीय ग्रंथ पर हिंदी में 10 अभूतपूर्व व्याख्यान सदगुरु ओशो ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि ये तंत्र विधियां प्राचीन हैं लेकिन इनमें सुबह के सूरज की रोशनी में चमक रहे ओस-कणों की भांति ताजगी भी है। उन्होंने कहा कि विज्ञान भैरव तंत्र का किसी धर्म या संप्रदाय से संबंध नहीं है। ध्यान विधियां अपनाकर चित्त परिवर्तित होगा और चरित्र भी रूपांतरित हो जाएगा। भीतर जागरण आया तो पूरा जीवन दिव्य हो जाएगा। मां अमृत प्रिया ने कहा कि दैवी संपदा और आसुरी संपदा मनुष्य के भीतर ही है। प्रकृति ने हमें यह सुविधा दी है कि हमें किस ओर बढ़ना है। हमें दैवी संपदा की तरफ अग्रसर होते हुए सारी ऊर्जा को एकाग्रता में बदल देना चाहिए ताकि हमारे भीतर जो शिव स्वरूप है वहां तक पहुंचा जा सके।

## धरने पर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना

# आठवें वेतन व पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन





**हिसार।** लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता व कृषि उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह को ज्ञापन देता कर्मचारियों को शिष्टमंडल।

**सरकार पर लगाया पूंजीपतियों का मुनाफा बढ़ाने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आठवें वेतन आयोग गठित करवाने, श्रम संहिताएं रद करवाने, पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने आदि मांगों को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला हिसार के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पर धरना दिया। इस धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र यादव ने किया और जिला सचिव राजेश बागड़ी व सहसचिव अशोक सैनी ने संचालन किया। धरने में हिसार, हांसी, नारनौंद, बरवाला, आदमपुर, अग्रोहा, उकलाना के पदाधिकारी, कर्मचारी व रिटायर्ड कर्मचारी भी शामिल हुए। धरने पर सभी ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। धरने को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के उप प्रधान प्रभु सिंह कर्मचारियों को बताया कि आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 को लागू होना है लेकिन अभी तक आठवां वेतन आयोग की कोई बैठक भी नहीं हुई है क्योंकि केंद्रीय सरकार आठवां वेतन आयोग देना नहीं चाहती, देश प्रदेश की सरकार कच्चे कर्मचारियों को नियमित नहीं कर रही और कच्चे कर्मचारी लगाते जा रही है तथा केंद्र सरकार अपने चहेते पूंजीपतियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए श्रम कानूनों को खत्म कर चार श्रम संहिताओं को लेकर आई है। सरकारी विभागों को सिकोड़ कर आम जनता से मूलभूत सुविधाएं छीनने की कोशिश कर रही है।

**सरकार के फैसले को बताया अन्यायपूर्ण**

इस धरने को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान ओमप्रकाश सैनी ने कहा कि सरकार ने लोकसभा में प्रस्ताव पास किया है कि 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त हुए हैं उनको आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं देना चाहती जो सेवा निवृत्त कर्मचारियों के साथ अन्याय है।

**धरना-प्रदर्शन के दौरान ये रहे मौजूद**

इस धरने को संबोधित रिटायर्ड प्रधान मनोहर लाल जाखड़, हेमशा महासचिव हितेंद्र सिहाग, पवन कुमार, ओमप्रकाश झांझड़िया, मा. विरेन्द्रसिंह, छबीलदास मौलिया, मा. प्रमोद कुमार, दीपक मेहरा, अनिल शर्मा, सुनील लाडवा, ओमप्रकाश वर्मा, रविंद्र शर्मा, अशोक श्योकंद, योगेन्द्र माजरा, रामसूरत, राजेश पेटवाड़, सोमबीर मोर, विनोद प्रभाकर आदि शामिल हुए विचार रखे।



**हिसार।** पूर्व डीजीपी डॉ. एलआर बिश्नोई को स्मृति चिन्ह देते विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विवि में कार्यक्रम

# नशे के खिलाफ युवाओं को किया जागरूक

- नशे से दूर रहेंगे तो न केवल अपना बल्कि परिवार और देश का भी भला करेंगे : डॉ. गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय ने विकसित भारत के अंतर्गत चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के सपने को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय में /"नशा मुक्त भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना/" पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मेघालय के रिटायर्ड डीजीपी, डॉ एलआर बिश्नोई ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। चांसलर ने विद्यार्थियों को समझाया कि कैसे ड्रग्स की लत जीवन को बर्बाद कर देती है।

**डॉ. बिश्नोई ने सुनाए प्रेरक किस्से**

मुख्य वक्ता डॉ एल.आर. बिश्नोई ने अपने पुलिस करियर के अनुभवों से जुड़ी प्रेरक कहानियां व किस्से सुनाएं। उन्होंने बताया कि प्रशासन किस प्रकार से नशा तस्करों को पकड़ने कि तमाम कोशिशें कर रहा है पर इस बीमारी को खत्म करने के लिए युवाओं का साथ बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि उन्हें कभी भी किसी भी तरह के दबाव में आकर नशा नहीं करना चाहिए और अगर उनका कोई दोस्त इस जाल में फंसा है, तो उसकी मदद करनी चाहिए।

**नशे से दूर रहने का लिया संकल्प**

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन पी कौशिक व प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने भी छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि ड्रग्स का सेवन एक क्षणिक सुख दे सकता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं।

# अभिलेख प्रबंधन का महत्व बताया

- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिलेख प्रबंधन को बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ फिस्कल मैनेजमेंट के अंतर्गत स्टेट सपोर्ट मिशन ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेले में सहभागिता की। यह पहल एसजेएचआईएफएम के महानिदेशक डॉ. राज नेहरू के नेतृत्व में, संयुक्त निदेशक एवं एसएसएम की नोडल अधिकारी डॉ. नीरू तथा हरियाणा अभिलेखागार विभाग के सहायक निदेशक अनिल कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।



**हिसार।** अभिलेख प्रबंधन के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**एसएसएम टीम ने जनता से संवाद स्थापित किया**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिलेख प्रबंधन के महत्व और अभिलेखागार विभाग की भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस पहल के तहत एसएसएम टीम ने जनता से संवाद स्थापित कर अभिलेख नीतियों और डेटा संरक्षण के विषय में जानकारी दी। साथ ही, रिकॉर्ड अद्यतन में सहयोग देने के इच्छुक स्वयंसेवकों से डेटा एकत्र किया गया, जिससे प्रभावी अभिलेख प्रबंधन के लिए सहभागिता आधारित दृष्टिकोण को मजबूत किया गया।

# मलिक टोयोटा के नए टी स्पर्श का उद्घाटन

- इस नए शोरूम से नारनोंद व आसपास के ग्राहकों को टोयोटा की नई गाड़ियों की सेवाएं मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनोंद

मलिक टोयोटा ने अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए और अपने नेटवर्क को बढ़ाते हुए मंगलवार को नारनोंद में नए टी स्पर्श आउटलेट का उद्घाटन किया। यह मलिक टोयोटा का दसवां आउटलेट है। यह आउटलेट नारनोंद में जींद रोड पर स्थित है। इस नए शोरूम से नारनोंद व आसपास के ग्राहकों को टोयोटा की बेहतरीन नई गाड़ियों की सेवाएं मिलेंगी। ग्राहकों को टोयोटा की गाड़ी बुक करवाने व टेस्ट ड्राइव लेने के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। नए आउट्लेट के शुभारंभ के उपलक्ष्य पर मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक ने बताया की टोयोटा एक विश्वसनीय ब्रांड है जो सदा अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। टोयोटा ब्रांड की बढ़ती हुई लोकप्रियता व गाड़ियों की बढ़ती हुई डिमांड को ध्यान में रखते हुए इस नए आउटलेट का आज उद्घाटन किया गया है।



**नारनौंद।** नए टी स्पर्श आउटलेट का उद्घाटन अवसर पर मौजूद मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

**यह है उपलब्धि**

मलिक ग्रुप की शुरुआत वर्ष 1966 में हुई थी, जिसका एक अहम भाग मलिक टोयोटा है। मलिक टोयोटा की शुरुआत वर्ष 2011 में हिसार शहर से हुई थी। हमारे लिए यह एक गर्व की बात है की इस नए आउटलेट के साथ मलिक टोयोटा के कुल 10 आउटलेट्स हो जाएंगे जो कि नारनोंद के साथ साथ हिसार, हांसी, टोहाना, फतेहाबाद, सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद में स्थित हैं।

## नशा न करने व जीवन में स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की शपथ दिलवाई



**हिसार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से विश्व शांति दिवस पर बालसमंद रोड स्थित 'पीस पैलेस' पर नशा मुक्ति स्वास्थ्य एवं बुजुर्गों के सम्मान के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहुंचे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर कामरा ने बताया कि यदि हृदय स्वस्थ है तो जीवन खुशहाल है। जीवन शैली को परिवर्तित करें, रोज 30 मिनट तक पैदल चलें, शराब सिगरेट का सेवन न करें। फास्ट फूड ना खाएं, तनाव को दूर करने के लिए मेडिटेशन करें। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता ने स्तर कैंसर, सर्वायिकल कैंसर, गर्भाशय कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव बारे सुझाव दिए। बीके अनीता ने सभी श्रोताओं को नशा न करने व जीवन में स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की शपथ दिलवाई। ब्रह्माकुमारी नीरज ने कहा कि बुजुर्गों का आदर करना हमारे देश की संस्कृति है।

# जीएसटी दरों में कटौती पर जताया हर्ष

- नए पीढ़ी के जीएसटी से देश में विकास की रफ्तार बढ़ेगी, लाभ मिलना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा है कि जनता के हितों को लगातार तवज्जो देते हुए केन्द्र व प्रदेश की सरकार जनता के हित में कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जीएसटी दरों में भारी कटौती करके केन्द्र सरकार ने हर वर्ग को राहत दी है। डॉ. सतीश पूनिया भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती किए जाने से हर वर्ग को डबल फायदा मिला है।



**हिसार।** प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य।

**विकास को मिलेगी गति**

उन्होंने इस जीएसटी रिफॉर्म को विकसित भारत बनाने की दिशा में मोदी सरकार का आवश्यक कदम बताया और कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से ही नए पीढ़ी के जीएसटी से देश की जनता को राहत मिलनी शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। इससे पहले जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी व अन्य पदाधिकारियों ने प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा मेयर प्रवीण पोपेली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला महामंत्री आशीष जोशी व कृष्ण सरसाना, मनदीप मलिक, रणधीर सिंह धीरू, सतीश सुरलिया, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपरा, सोशल मीडिया प्रभारी अमर पातड़, आईटी प्रमुख सुरेश जांगड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सरोज सिहाग, सतपाल शर्मा रहे।

# होली चाइल्ड स्कूल की चंचल ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

**विजेता छात्रा को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा चंचल ने महाबीर स्टेडियम में हुए जिला स्तरीय ओपन जूडो टूर्नामेंट में 48 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इन्होंने इस मेडल के लिए मुख्य मुकाबले में गायत्री को पराजित किया तथा तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। चंचल की यह सफलता अकेले उसकी कड़ी मेहनत की देन नहीं है, बल्कि स्कूल के जूडो एवं मल्टी-एक्टिविटी सेंटर की निरंतर प्रेरणा और समर्पित प्रशिक्षण की भी मिसाल है। यहां उन्होंने सायंकालीन कक्षाएँ लीं, जिसमें जूडो के साथ-साथ बास्केटबॉल, नेटबॉल और स्केटिंग के प्रशिक्षण भी शामिल है। इस बहुआयामी प्रशिक्षण ने उन्हें आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता दी, जो टूर्नामेंट में स्पष्ट दिखी।



पदक विजेता चंचल।

### बीएसएनएल की करोड़ों रुपये की भूमिगत कॉपर केबल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

- भूमिगत डक्ट से कीमती कॉपर केबल चोरी करने का मामला

**हिसार।** सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा एवं साइबर एवं टेलीकॉम अवसंरचना से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने बीएसएनएल की भूमिगत कॉपर केबल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक कर्ण सिंह ने बताया कि बीएसएनएल के उप-डिवीजनल इंजीनियर ने इस संबंध में गत 12 सितंबर को पुलिस चौकी अर्बन एस्टेट में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 11 सितम्बर की रात 11 बजे से 12 सितंबर सुबह 4 बजे के बीच रेलवे क्रॉसिंग लक्ष्मीबाई चौक से लेकर कैंप चौक तक भूमिगत डक्ट से कीमती कॉपर केबल चोरी कर ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के सेक्टर-63 निवासी अमन और विजय नगर निवासी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## एक सैनिक के साथ होती परिवार के अलावा करोड़ों देशवासियों की दुआएं : आशा खेदड़

अग्रोहा के जाखड़ चौक पर शहीद दिवस समारोह का भव्य तरीके से आयोजन

# शहीदों का करें सदैव सम्मान, उन्हीं की बदौलत मिली आजादी: बड़खालसा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी विरेन्द्र बड़खालसा ने कहा है कि हमें मातृ शक्ति का सदैव सम्मान करना चाहिए। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान व सम्मान में अनेक योजनाएं चला रही है। विरेन्द्र बड़ख़ालसा अग्रोहा में जाखड़ चौक पर आयोजित शहीदी दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें सदैव शहीदों व उनके परिजनों का सम्मान करना चाहिए और यदि परिवार में कोई जरूरतमंद है तो उसकी मदद करनी चाहिए ताकि वे किसी भी रूप में अपने को उपेक्षित महसूस न करें। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि जिस परिवार का बेटा देश की सेवा में जाता है, वह कभी अकेला नहीं जाता बल्कि अपने परिवार व देश की रक्षा का संकल्प लेकर करोड़ों लोगों की दुआएं लेकर सेना में जाता है।




**हिसार।** कार्यक्रम में ओएडी विरेन्द्र बड़खालसा, कैप्टन भूपेन्द्र, आशा खेदड़ व अन्य का स्वागत करते आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में विधायक रणधीर पनिहार, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र वीरचक्र, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, पूर्व मंत्री अनूप धानक, साधुराम जाखड़, वेद फूलां, योगेश सिलानी, अनिता कुंडू, सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़, अजय गावड चेयरमैन, राजेन्द्र सोनी, घनश्याम शर्मा, प्रोमिला पूनिया, पंचायत समिति मेंबर आरजू थाकन, संजय पंघाल, आनंद राज आदि रहे।

### शादियां करके बीवियां छोड़ने व मारपीट में केस

- महिला ने पति के खिलाफ दर्ज करवाया केस, जांच में जुटी पुलिस

**हिसार।** अग्रोहा क्षेत्र के गांव कुलेरी निवासी महिला ने अपने पति के खिलाफ महिला थाने में शिकायत दी है। पत्नी का कहना है कि उसके पति ने तीन शादियां की है और ड्यूटी पर जाते समय पति को किसी और औरत के साथ कमरे में रंगे हाथ पकड़ा है। बाद में पता चला कि उसकी मेरे साथ तीसरी शादी है। महिला ने बताया कि 10 मार्च 2019 का उसकी शादी पंजाब के मानसा की अंबेडकर नगर भट्ठा बस्ती निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई थी। महिला ने बताया कि उसकी पहली शादी से दो लड़कियां और एक लड़का था। फिर भी माता-पिता ने शादी की और दहेज दिया।